Title: Need for early construction of an underbridge at railway gate on Khariphatak Road in Vidisha, Madhya Pradesh.

श्री शिवराजसिंह चौहान (विदिशा) : महोदय, मध्य प्रदेश स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा के विदिशा नगर में खरीफाटक रोड पर रेलवे गेट से बड़ी संख्या में वाहनों का आना-जाना होता है। कृषि उपन मंडी होने के कारण हजारों ट्रेक्टर तथा ट्राली भी इसी रास्ते से आते तथा जाते हैं। सभी महत्वपूर्ण विद्यालय होने के कारण हजारों की संख्या में विद्यार्थियों का आवागमन भी इसी गेट से होता है। किन्तु रेलों के आवागमन के कारण यह गेट अधिकांश समय बंद ही रहता है। इस कारण हजारों लोगों को भारी असुविधआ का सामना करना पड़ता है। यदि खरीफाटक रोड के पास ही एक अंडरब्रिज बना दिया जाए जिसके लिए एक बार सर्वे हुआ था तो इस असुविधा से जनता को बचाया जा सकता है। अंडरब्रिज के निर्माण के बाद रेलवे के इस गेट को भी बंद किया जा सकता है जिसके कारण रेलवे पर आने वाला वित्तीय भार भी कम किया जा सकता है। केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उक्त स्थान पर अंडरब्रिज बनाने हेतु सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु तत्काल कदम उठाएं।